फा. सं 12016/05/2025- रा.भा (का-2)

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग

एनडीसीसी -II भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 17.04.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय : राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषय पर इस विभाग के दिनांक 08 अप्रैल 2025 के परिपत्र सं 12016/02/2025-रा.भा (का .2) के क्रम में यह उल्लेख करना है कि जिसमें केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के लिए 26 जून 2025 को आयोजित होने वाले '**राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती' समारोह** के अवसर पर **केवल केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के लिए** विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।

2. विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है –

क.स.	प्रतियोगिता का नाम व समय	प्रस्तावित तारीख	आयोजन का स्थान	नोडल अधिकारी
1.	शतरंज	13 मई, 2025 (मंगलवार) 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न	नॉर्थ ब्लॉक/सिविक सेंटर/एनडीसीसी	सहभागिता संबंधी सूचना निम्नलिखित अधिकारी को 30 अप्रैल 2025 तक भिजवाएँ- **श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, गृह मंत्रालय** ईमेल आई डी- **dksingh.20@gov.in** मोबाईल- **9211709196**
2.	टेबल टेनिस	14 मई, 2025 (बुधवार) 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न	नॉर्थ ब्लॉक/सिविक सेंटर/एनडीसीसी	
3.	बैडमिंटन	15 मई, 2025 (वृहस्पतिवार) 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न	नॉर्थ ब्लॉक/सिविक सेंटर/एनडीसीसी	
4.	वॉलीबॉल	16 मई, 2025 (शुक्रवार) 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न	नॉर्थ ब्लॉक/सिविक सेंटर /एनडीसीसी	
5.	क्रिकेट लीग T-10/ T-20	17 मई, 2025 (शनिवार) से, **फाइनल – 24 मई 2025**	निर्धारित स्टेडियम में	
6.	वॉकिथॉन (5 किमी)	15 या 22 जून, 2025(रविवार)	निर्धारित स्थान पर	

- क्र.सं 05 में राजभाषा संवर्ग के जिन भी अधिकारी को क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होना है वे अपना नाम, पदनाम, कार्यालय, बैच सहित जानकारी **dksingh.20@gov.in** या मोबाईल- **9211709196** पर **30 अप्रैल 2025** तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

नोट- उपरोक्त प्रतियोगिताओं की तिथि एवं स्थान में परिवर्तन की स्थिति में विभाग द्वारा यथासमय सूचना दी जाएगी।

3. **<u>प्रतियोगिता से संबंधित कुछ विशेष विवरण इस प्रकार हैं:</u>**

- प्रत्येक खेल प्रतियोगिता के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार तथा दो प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।
- क्रिकेट खेल प्रतियोगिता टेनिस बॉल से आयोजित होगी।
- प्रतियोगिताओं का आयोजन पर्याप्त प्रविष्टियों के प्राप्त होने और टीमों के गठन पर निर्भर करेगा।
- प्रतियोगिताओं के विजेताओं के बारे में निर्णायक का निर्णय अंतिम होगा।
- पुरस्कार विजेताओं की घोषणा यथासमय की जाएगी।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)
उप सचिव (का.)
दूरभाष : 011-23438143

सेवा में,

1. केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सभी अधिकारी/कर्मचारी।
2. श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक (रा.भा), गृह मंत्रालय- कृपया उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करवाएँ एवं इनके परिणाम राजभाषा विभाग के कार्यान्वयन-2 अनुभाग को प्रेषित करें।

प्रतिलिपि प्रेषित:

1. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव।